## सराहनीय कार्य दिनाँक 23.05.23 थाना उत्तर, फिरोजाबाद

# थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 20-05-23 को एक महिला की हत्या में वांछित 10 हजार रुपये के इनामियाँ बदमाश आकाश को पुलिस मुठभेड के दौरान मय अवैध असलाह व कारतूस के किया गया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के नेतृत्व, क्षेत्राधिकारी नगर फिरोजाबाद के सफल पर्यवेक्षण में थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 367/23 धारा 302 भादवि थाना उत्तर के अनावरण हेतु बम्बा चौराहा पर चैकिंग कर रही पुलिस टीम को जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि उपरोक्त मुकदमें में प्रकाश मे आया अभियुक्त आकाश पुत्र लोकेन्द्र उर्फ लौकी कुशवाह अपने घर से कोई सामान लेने आया है उक्त सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने की कोशिश की गई जिस पर अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया गया जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त आकाश को मय अवैध असलाह व कारतूस के गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## घटना का विवरण-

दिनाँक 20.05.2023 को न्यू तिलक नगर थाना क्षेत्र उत्तर मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतिका के शव को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर शव को मोर्चरी भेजकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही अमल मे लायी गयी थी। थाना स्थानीय पर वादी की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 367/2023 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया । उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए घटना का सफल अनावरण करने हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

## गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम-पताः-

1.आकाश कुशवाह उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र लोकेन्द्र उर्फ लौकी निवासी नगला पान सहाय थाना उत्तर फिरोजाबाद।

## अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0 367/23 धारा 302 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 373/23 धारा 307 भादवि0 (पु0मु0) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

## बरामदगीः-

1.एक अदद तमंचा 315 बोर।
2.तमंचे की नाल मे फंसा 01 कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना उत्तर, फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार पौनिया चौ0प्र0 ककरऊ कोठी थाना उत्तर फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री महावीर सिंह चौ0प्र0 आगरा गेट थाना उत्तर फिरोजाबाद।
4. हे0का0 200 अशोक कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 722 अजीत सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 840 प्रेमसिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 743 सत्यवीर सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 725 सागर सिरोही थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 363 देवेन्द्र सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
10. हे0कां0 326 अनिल कुमार सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 870 देवेन्द्र कुमार सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद।